नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी० एम० इब्राहीम): (क) जी, हां।

(ख) ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

(ग) जी, हां।

(घ) जी, हां।

(ङ) आशुलिपिकों के शुल्क में संशोधन संबंधी निर्णय अविलम्ब लिया जाएगा।

विवरण

दिनांक 1.6.96 से दूरदशन द्वारा निर्धारित नैमित्तिक कलाकारों की संशोधित दरें

क्र० सं०	पद के वेतन एवं ब्यौरे	एक महीने में अधिकतम 10 दिन सौंपे कार्य के साथ-साथ प्रति सौंपे कार्य का भुगतान
1.	1400-2600/- रु० (प्रस्तुति सहायक/ग्राफिक्स सहायक, विडियो/फिल्म सम्पादक, रूपसज्जा सहायक आदि)	260/- रु०
2.	1400-2300/- रु० (प्रकाश सहायक/प्रकाश मैन आदि)	190/- रु०
3.	1200-1800/- रु० (मंच सहायक/फिल्म प्रोजेक्शनिष्ट, बढ़ई, पेंटर, दर्जी आदि)	175/- रु०
4.	950-1500/- रु० (टेकक, सामान्य सहायक, करक्टर जनरेटर आपरेटर)	140/- रु०

आंध्र प्रदेश में स्थानीय दूरदर्शन केंद्रों द्वारा समुद्री तूफान की पूर्व चेतावनी

2530. **डा० वाई० लक्ष्मी प्रसाद:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आंध्र प्रदेश में हाल ही में आये तूफान के संबंध में पूर्व सूचना की चेतावनी दूरदर्शन के स्थानीय केन्द्रों द्वारा ठीक समय पर प्रसारित की गयी;

(ख) यदि हां, तो उक्त चेतावनी और उसके समयों के संबंध में प्रसारण करने वाले केन्द्रों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोई ऐसी योजना बनायी गयी है जिससे कि स्थानीय दूरदर्शन केन्द्रों द्वारा हर घन्टे के बाद ऐसी आपदाओं की पूर्व सूचना प्रसारित की जा सके;

(घ) यदि नहीं, तो क्या ऐसी योजना की आवश्यकता महसूस नहीं की गयी है; यदि हां, तो तत्संबंधी योजना का ब्यौरा क्या है: और

(ङ) इस योजना में राज्य सरकारों की क्या भूमिका नियत की गयी है?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी० एम० इब्राहीम): (क) जी, हां।

(ख) दूरदर्शन केन्द्र, हैदराबाद ने इस प्रयोजनार्थ संलग्न विवरण के अनुसार 15 बुलेटिन प्रसारित किए। **(नीचे देखिए)**

(ग) चक्रवात की चेतावनी देने सहित विशेष बुलेटिनों की आवृत्ति समय की आवश्यकता पर आधारित होगी।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) सामान्यतः विशेष उद्घोषणाओं/प्रसारण हेतु निवेदन राज्य सरकार से भी प्राप्त होते हैं।

विवरण

चक्रवाती बुलेटिनों को दर्शाने वाले ब्यौरे का विवरण

दिनांक	विवरण	प्रसारण का समय	अवधि मि० सै०	अभ्युक्ति
03.12.96	चक्रवात चेतावनी बुलेटिनें	12.02.00 से 12.08.00	6-00	
		12.35.32 से 12.41.00	5.30	
		12.54.00 से 12.58.30	4.30	
		14.50.00 से 14.54.00	4.00	
		16.30.00 से 16.31.00	4.00	
		18.07.00 से 18.10.00	3.00	
		19.28.10 से 19.30.00	1.30	
		19.55.00 से 19.57.30	2.30	
		20.25.00 से 20.28.00	3.00	
		22.38.00 से 22.43.00	5.00	
04.12.96	चक्रवात चेतावनी बुलेटिन	12.02.00 से 12.07.00	5.00	
		13.02.00 से 13.07.00	5.00	
		17.25.00 से 17.30.00	5.00	
		20.28.00 से 20.31.00	3.00	
		22.35.10 से 22.38.30	3.20	